विरोध ▶ लघु वेतन कर्मचारी संघ ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# कर्मचारियों ने किया ई-अटेंडेंस व्यवस्था का विरोध




**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। संघ के पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन भी सौंपा है। शाखा जिलाध्यक्ष पूर्णेश उइके और मीडिया प्रभारी अनिल पांडेय ने बताया कि कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री और मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए सीपीसीटी की अनिवार्यता, ई-अटेंडेंस व्यवस्था की अनिवार्यता, ई-अटेंडेंस व्यवस्था को लेकर विरोध जताते हुए दस्तावेजों की प्रतियां जलाकर उग्र प्रदर्शन किया। संघ ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम सौंपे गए ज्ञापन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति के लिए सीपीसीटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से शिथिलता प्रदान करने की मांग की है। संघ का कहना है कि भृत्य, चौकीदार और कार्यालय परिचालक सहित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वर्षों से शासकीय सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन लंबे समय से पदोन्नति नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में कर्मचारी अपने अधिकार से वंचित हैं। संघ के अनुसार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सहायक ग्रेड-3 पद पर पदोन्नति के लिए निर्धारित कोटे का प्रावधान पहले से मौजूद है। ऐसे में पदोन्नति के लिए सीपीसीटी की अनिवार्यता को लेकर कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। संघ ने कहा कि बड़ी संख्या में कर्मचारी 40 वर्ष से अधिक आयु के हैं और उन्हें कंप्यूटर प्रशिक्षण का पर्याप्त अवसर नहीं मिला है। ऐसी स्थिति में सीपीसीटी परीक्षा की अनिवार्यता पदोन्नति में बाधा बन रही है। संघ ने ई-अटेंडेंस व्यवस्था का भी विरोध करते हुए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को इससे छूट देने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि कई कर्मचारी की-पैड मोबाइल का उपयोग करते हैं और कुछ कर्मचारियों के पास स्मार्टफोन तक उपलब्ध नहीं है। वहीं कई भृत्य कर्मचारी डाक, फाइल, अन्य शासकीय कार्यों के लिए कार्यालय से बाहर तैनात रहते हैं, जिससे उनके लिए ई-अटेंडेंस दर्ज करना व्यावहारिक रूप से कठिन है। शिक्षा विभाग में लागू 'हमारे शिक्षक एप' के माध्यम से ई-अटेंडेंस को लेकर भी संघ ने सवाल उठाए। संघ का कहना है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कार्य और दायित्व शिक्षकों से अलग हैं। विद्यालय और कार्यालय खोलने-बंद करने, अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने, डाक पहुंचाने और अन्य विभागीय कार्यों के लिए बाहर जाने वाले कर्मचारियों के लिए मौजूदा ई-अटेंडेंस व्यवस्था व्यवहारिक नहीं है। संघ ने मांग की कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ई-अटेंडेंस से छूट देकर उपस्थिति पंजी और कार्यालय प्रमुख के प्रमाणीकरण को मान्यता दी जाए। साथ ही यदि ई-अटेंडेंस लागू रखना आवश्यक हो तो कर्मचारियों को मोबाइल सेट, डाटा खर्च एवं विभागीय स्तर पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए। लघु वेतन कर्मचारी संघ ने ज्ञापन के माध्यम से आकस्मिक कार्यभारित, दैनिक वेतनभोगी, स्थायी कर्मी एवं अंशकालीन कर्मचारियों से जुड़ी मांगों को भी प्रमुखता से उठाया। संघ ने आकस्मिक कार्यभारित कर्मचारियों को शासकीय कर्मचारियों की तरह अर्जित अवकाश की पात्रता देने, भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में प्रावधान कर सहायक ग्रेड-3 पद पर पदोन्नति का अवसर देने की मांग की। स्थायी कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने, उनकी सेवाओं का वर्गीकरण करने, कर्मचारी की मृत्यु होने पर अनुकंपा नियुक्ति का लाभ देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।



# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा नीलकंठेश्वर धाम

▶ पांच वर्षीय संकल्प के दूसरे चरण में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**नवभारत, कटनी।** श्रावण मास के पावन अवसर पर रविवार को कटनी की धरती शिवभक्ति से सराबोर नजर आई। चारों ओर हर-हर महादेव के जयघोष, हाथों में कांवड़, मुख पर भोलेनाथ का नाम और हृदय में अटूट आस्था ऐसा विहंगम दृश्य देखने को मिला, जब बाबू मदनलाल ग्रोवर की अगुवाई में नीलकंठेश्वर धाम सलैया पंडखुरी के तत्वावधान में विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने कांवड़ लेकर इस धार्मिक यात्रा में सहभागिता की और पवित्र जल लेकर नीलकंठेश्वर धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। इस अवसर पर पूरा यात्रा मार्ग हर-हर महादेव, बोल बम और शिवभक्ति के जयघोषों से गूंजता रहा। धार्मिक भजनों और शिव आराधना ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं के उत्साह और आस्था ने इस आयोजन को एक भव्य धार्मिक उत्सव का स्वरूप प्रदान कर दिया। इस आयोजन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि यह महज एक कांवड़ यात्रा नहीं, बल्कि पांच वर्षीय धार्मिक संकल्प का द्वितीय चरण था। कार्यक्रम के प्रमुख सूत्रधार बाबू मदनलाल ग्रोवर ने बताया कि वर्ष 2025 में पुरैनी बागेश्वर धाम से नीलकंठेश्वर धाम तक पवित्र जल पहुंचाने का संकल्प लिया गया था। संकल्प लिया गया था कि लगातार पांच वर्षों तक श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के माध्यम से पवित्र जल नीलकंठेश्वर धाम पहुंचाकर भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा। इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष यात्रा का दूसरा चरण आयोजित किया गया। बाबू मदनलाल ग्रोवर ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना, आस्था और समर्पण का पर्व है। कांवड़ यात्रा इसी श्रद्धा को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। उनका उद्देश्य है कि आने वाले वर्षों में भी यह धार्मिक परंपरा निरंतर आगे बढ़े और अधिक से अधिक शिवभक्त इसमें सहभागी बनें। विशाल कांवड़ यात्रा का शुभारंभ पन्ना मोड़ सब्जी मंडी स्थित पुरैनी बागेश्वर धाम से हुआ। यहां से शिवभक्त पवित्र जल लेकर कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। यात्रा आगे बढ़ते हुए कन्हवारा, डिठवारा सहित विभिन्न मार्गों से होकर नीलकंठेश्वर धाम सलैया पंडखुरी, विजयराघवगढ़ पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा की व्यवस्था की गई थी। जगह-जगह शिवभक्तों का उत्साह बढ़ाया गया। जैसे-जैसे कांवड़ यात्रा आगे बढ़ती गई, श्रद्धालुओं का कारवां भी विस्तृत होता गया। भजनों, जयघोषों और शिव आराधना के बीच पूरा वातावरण भक्तिरस में डूबा नजर आया। नीलकंठेश्वर धाम पहुंचने के बाद कांवड़ियों ने पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का विधि-विधानपूर्वक अभिषेक किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। बाबू मदनलाल ग्रोवर ने स्वयं कांवड़ लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं का स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने सभी शिवभक्तों की सहभागिता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था और सहयोग ही इस धार्मिक आयोजन की वास्तविक शक्ति है। कांवड़ यात्रा के समापन अवसर पर नीलकंठेश्वर धाम सलैया पंडखुरी में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर से प्रारंभ हुए भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमी नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सेवा और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजन स्थल पर पहुंचे प्रत्येक श्रद्धालु का आत्मीय स्वागत किया गया। शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। भव्य कांवड़ यात्रा के प्रमुख सूत्रधारों में विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, बाबू मदनलाल ग्रोवर, बाबू ग्रोवर एवं रुद्राक्ष ग्रोवर शैलेश कन्हैया तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं अनुज आनंद ने आयोजन में सहयोग प्रदान किया। आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्यों, सहयोगियों, स्थानीय नागरिकों और बड़ी संख्या में शामिल हुए शिवभक्तों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। श्रावण मास में आयोजित इस विशाल कांवड़ यात्रा ने कटनी अंचल में धार्मिक आस्था और सामाजिक सहभागिता का एक नया स्वरूप प्रस्तुत किया। हजारों कदमों से आगे बढ़ता आस्था का यह कारवां और हर-हर महादेव के गगनभेदी जयघोष इस बात के साक्षी बने कि भगवान शिव के प्रति श्रद्धा आज भी जनमानस में उतनी ही गहरी है।

## एक नजर में

### 17 तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

**नवभारत, कटनी।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में 4 सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। आदेश के अनुसार आयुक्त, नगर पालिक निगम तपस्या परिहार, शासकीय तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील वाजपेयी, जिला शिक्षा अधिकारी सच्चिदानंद पाण्डेय और जिला जनसंपर्क अधिकारी मनोज श्रीवास्तव को अभियान का सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही सभी अधिकारियों को संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर गतिविधियों का आयोजन और उनकी जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के दौरान आम नागरिकों को अपने घरों, कार्यालयों , प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पर्याप्त मात्रा राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता बनाए रखने निर्देश दिए गए हैं।

# स्कूल में व्याप्त समस्याओं का समाधान नहीं होने पर होगा आंदोलन

▶ एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन, तीन दिन का अल्टीमेटम



**नवभारत, बाकल।** बाकल। पीएम श्री विद्यालय बाकल में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बहोरीबंद नगर इकाई द्वारा विद्यालय प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। परिषद ने विद्यार्थियों की सुविधाओं और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी कई मांगें ज्ञापन के माध्यम से रखीं। ज्ञापन में विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त खेल सामग्री उपलब्ध कराने और खेल प्रतिभाओं को उचित अवसर प्रदान करने, विद्यालय के प्रसाधन कक्ष, कक्षाओं की नियमित साफ-सफाई, नियमित, सुचारू पेयजल व्यवस्था, विद्यार्थियों को शीघ्र पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके साथ ही विद्यालय की कक्षाओं में पंखों की व्यवस्था, उत्कृष्ट शिक्षा के तहत स्मार्ट बोर्ड और स्मार्ट क्लास शुरू करने, विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए नियमित तकनीकी कक्षाएं संचालित करने की मांग भी की गई। परिषद ने शिक्षकों के नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित होकर अध्यापन कराने पर भी जोर दिया। इस संबंध में विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि उन्हें विद्यालय का प्रभार मिल चुका है, लेकिन वित्तीय विभाग का प्रभार अभी तक नहीं मिला है, जिसके कारण कुछ व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में कठिनाई आ रही है।अभाविप महाकौशल प्रांत कार्यकारिणी सदस्य संस्कार बाजपेई ने विद्यालय प्रशासन से उक्त सभी मांगों को तीन दिनों के भीतर पूरा करने का आश्वासन मांगा। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में समस्याओं का समाधान नहीं होने पर विद्यार्थी परिषद द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी विद्यालय प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर मंत्री सौरभ बंसल, विमल दिवान, संस्कार सोनी, अभिनय मेहरा सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# कुष्ठ रोगियों को नहीं मिल रही नियमित दवा, मायूस होकर वापस लौटने मजबूर

▶ अस्पताल के कक्ष क्रमांक 17 पर लटका रहता है ताला



**नवभारत, उमरियापान ।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान में व्यवस्थाओं को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। कुष्ठ रोग से संबंधित दवा लेने के लिए दूर-दराज से पहुंचे मरीज सोमवार को अस्पताल में संबंधित कर्मचारी के नहीं मिलने से परेशान होते रहे। मरीजों का आरोप है कि निर्धारित दिन होने के बावजूद दवा वितरण व्यवस्था सुचारु नहीं है, जिसके कारण उन्हें बिना दवा लिए ही वापस लौटना पड़ रहा है।

मरीजों के अनुसार कुष्ठ रोग से संबंधित दवा वितरण की जिम्मेदारी रजनीश विश्वकर्मा की है और उनकी ड्यूटी सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान में रहती है। इसके बावजूद निर्धारित दिन सोमवार को भी कई बार उन्हें अपने कार्यस्थल पर समय से उपलब्ध नहीं होने की बात सामने आ रही है। दवा वितरण कक्ष में ताला लगा रहने के कारण मरीजों को इधर-उधर भटकना पड़ता है।

कुष्ठ रोग की दवा लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से मरीज उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं। मरीजों का कहना है कि आने-जाने में समय और पैसा खर्च करने के बाद जब अस्पताल में संबंधित कर्मचारी नहीं मिलता तो उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। नियमित दवा नहीं मिलने से मरीजों के उपचार का कोर्स प्रभावित होने की चिंता भी बनी हुई है।

मरीजों ने शासन-प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए दवा वितरण की व्यवस्था नियमित कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जिस दिन कर्मचारी की ड्यूटी निर्धारित है, उस दिन अपने कार्य पर उपस्थित रहना चाहिए ।

# शुरू करें पोस्ट ग्रेजुएशन की कक्षाएं

▶ एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन, उग्र आंदोलन की चेतावनी

**नवभारत, कटनी।** ढीमरखेड़ा मुख्यालय में शासकीय आईटीआई भवन निर्माण और स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की कक्षाएं शुरू कराने की मांग को लेकर सोमवार को एनएसयूआई ने छात्रों के साथ प्रदर्शन किया। छात्रों ने एनएसयूआई के बड़वारा विधानसभा अध्यक्ष अवध सिंह यादव के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई अध्यक्ष अवध सिंह यादव ने बताया कि 27 जुलाई 2026 को भी इन मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन किया गया था। उस समय प्रशासन को उचित कार्रवाई के लिए 10 दिनों की समय-सीमा दी गई थी। हालांकि, समय-सीमा बीत जाने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। उन्होने आरोप लगाया कि प्रशासन के उदासीन रवैये के कारण क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण से वंचित रहना पड़ रहा है। इसी के विरोध में 10 अगस्त 2026 को यह प्रदर्शन किया गया। छात्रों की प्रमुख मांगों में शासकीय महाविद्यालय में एमए और एमएससी कक्षाएं तत्काल शुरू करना शामिल है। उनका कहना है कि इससे क्षेत्र के गरीब, किसान और ग्रामीण परिवारों के बच्चों को स्नातक के बाद आगे की पढ़ाई के लिए दूर-दराज के शहरों में जाने की मजबूरी खत्म होगी। दूसरी मांग स्वीकृत आईटीआई भवन के निर्माण को लेकर है। छात्रों ने जोर दिया कि इसका निर्माण किसी अन्य स्थान पर न कराकर ढीमरखेड़ा मुख्यालय पर ही सुनिश्चित किया जाए, ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगारपरक तकनीकी शिक्षा का लाभ मिल सके। छात्र नेताओं चेतावनी दी है कि प्रदर्शन के बाद भी उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो आंदोलन किया जाएगा। अनिश्चितकालीन हड़ताल भी की जाएगी।

# परमिट शहर का, लगा रहे डेढ़ सौ किलोमीटर का चक्कर

▶ बस एसोसिएशन ने कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**नवभारत, कटनी।** महंगे डीजल, टायर-मोटर पार्ट्स और विभिन्न करों के बढ़ते बोझ के बीच आर्थिक संकट से जूझ रहे बस परिवहन व्यवसाय के सामने अब अवैध ऑटो संचालन बड़ी चुनौती बन गया है। कटनी बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर शहरी क्षेत्र में संचालन के लिए अधिकृत ऑटो द्वारा लंबी दूरी के मार्गों पर यात्रियों का परिवहन किए जाने पर रोक लगाने की मांग की है। एसोसिएशन का आरोप है कि शहरी क्षेत्र में संचालन के लिए अधिकृत कई ऑटो नियमों की अनदेखी करते हुए कटनी से कैमोर, बरही, खितौली, रीठी, बहोरीबंद, बिलहरी सहित उमरिया सहित अन्य जिलों तक जा रहे हैं। कई ऑटो 100 से 150 किलोमीटर तक की दूरी तय कर रहे हैं। एसोसिएशन ने कहा कि बस संचालक डीजल, बीमा, टैक्स, फिटनेस, परमिट, टायर और मोटर पार्ट्स सहित विभिन्न खर्चों का वहन करते हुए परिवहन सेवा संचालित कर रहे हैं। बस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नियम विपरीत ऑटो चलाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

# चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**नवभारत, कटनी।** माधवनगर पुलिस ने बंगला लाइन स्थित पीएमडी दाल मिल में हुई चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एलीवेटर की चोरी गई चार मोटरों को बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार दाल मिल संचालक विजय कुमार डोडवानी निवासी माधवनगर की शिकायत पर 6 अगस्त की रात हुई चोरी का मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर सूचना के आधार पर केशव उर्फ बड्डा वंशकार, अजय वंशकार उर्फ दुर्रानी और रोहित उर्फ किराया वंशकार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि भीम वंशकार दाल मिल में हम्माली करता था और उसने गोदाम में रखी मोटरों की रेकी कर साथियों को जानकारी दी थी। इसके बाद भीम, केशव, अजय, रोहित और सुशील वंशकार ने रात में पीछे से फैक्ट्री में प्रवेश कर मोटरें चोरी की थीं। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया। इस मामले में भीम वंशकार और सुशील वंशकार फरार हैं। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम द्वारा संभावित ठिकानों में दबिश दी जा रही है।

# अब तक 415 मिमी बारिश

**नवभारत, कटनी।** जिले में 1 जून से 10 अगस्त तक कुल 415.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले वर्ष इस दौरान जिले में 769.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 991.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति कटनी**
**जिला कटनी (म.प्र.)**

ई-मेल - apmckatni@gmail.com
दूरभाष नं. - 07622240063

क्रमांक / मंडी / निर्माण/2026-27/866 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — कटनी, दिनांक :- 10/08/2026

सर्वसंबंधितो को सूचित किया जाता है कि अग्रलिखित विवरण अनुसार मंडी प्रांगण कटनी मे पूर्व से निर्मित केन्टीन भवन का तीन वर्ष हेतु निर्धारित शर्तों के अधीन मासिक किराये पर निर्धारित प्रिमीयम जमा हेतु केन्टीन संचालन के इच्छुक व्यक्तियो / व्यवसायियो से दिनांक 01.09 .2026 सायं 5.00 बजे तक धरोहर राशि रुपए 32,000 (बत्तीस हजार रू.) की एफ.डी.आर. जो कि सचिव कृषि उपज मंडी समिति कटनी के नाम से देय हो सहित सीलबंद प्रस्ताव / निविदाये, तीन लिफाफा पद्धति मे जिसमे प्रथम लिफाफे मे निर्धारित एफ.डी.आर., द्वितीय लिफाफे मे निविदा प्रपत्र एवं तृतीय लिफाफे मे प्रथम तथा द्वितीय लिफाफा रखकर तृतीय लिफाफे के उपर "केन्टीन आबंटन हेतु निविदा" लिखकर केवल पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। निर्धारित निविदा प्रपत्र (आवेदन) व शर्ते दिनांक 25.08.2026 तक अवकाश दिवस को छोडकर कृषि उपज मंडी समिति कटनी से राशि रुपए 2000.00 (दो हजार रुपए) नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निर्धारित दिनांक 01.09.2026 तक प्राप्त निविदाये दिनांक 02.09.2026 को समय दोपहर 12.00 बजे मंडी कार्यालय कटनी मे उपस्थित निविदाकारो के समक्ष खोली जावेगी। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | भवन / संरचना का नाम, जिसका आबंटन किया जाना है, एवं निर्मित स्थल | संख्या | धरोहर राशि | न्यूनतम निर्धारित प्रिमीयम राशि | निर्धारित न्यूनतम वार्षिक किराया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | केन्टीन भवन गल्ला मंडी प्रांगण कटनी | 01 | 32,000 (बत्तीस हजार रू.) | 64000/- रुपये | अधिकतम बोली (निविदा की राशि) वार्षिक किराया होगी जो मासिक किश्तो मे देय होगी। |

**प्रमुख शर्ते**:- 1. उच्चतम प्रस्ताव/निविदा बोली देने वाले व्यक्ति को मंडी समिति से लिखित सूचना प्राप्त होने के 07 दिवस के अंदर केन्टीन की शेष प्रिमीयम राशि 32,000 (बत्तीस हजार रू.) जमा करनी होगी, एवं शासन द्वारा निर्धारित नियमो के अनुसार इसी समयावधि के अंदर किरायेदारी का अनुबंध निष्पादित कर केन्टीन का आधिपत्य प्राप्त करना होगा अन्यथा जमा की गयी धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी। 2. शेष अन्य नियम व शर्ते अवकाश दिवस को छोडकर दिनांक 24.08.2026 तक कार्यालय में देखी जा सकती है। 3. मंडी समिति द्वारा निर्धारित शर्तानुसार केन्टीन भवन मे कृषको/हम्मालो / तुलावटियो हेतु संचालित 5/-रुपए थाली भोजन योजना का संचालन केन्टीन संचालन के साथ किया जाना अनिवार्य होगा। 4. केन्टीन के मासिक किराये राशि के साथ शासन द्वारा अधिरोपित जी.एस.टी. की राशि पृथक से देय होगी।

**सचिव**
**कृषि उपज मंडी समिति कटनी जिला-कटनी**




कार्यक्रम ▶ भारतीय सिंधु सभा और सिंधी मेला समिति द्वारा किया गया 480 मेधावी छात्रों का सम्मान

# कड़ी महेनत-लगन और लक्ष्य पाने की जिद से हासिल की जा सकती है सफलता




**नवभारत, कटनी।** भोपाल के रविंद्र भवन के सभागार में भारतीय सिंधु सभा और सिंधी मेला समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी आरैर कार्यक्रम अध्यक्षता के विधायक भगवान दास सबनानी ने की।

समारोह की शुरुआत भगवान झूलेलाल, सरस्वती माता और संत शिरोमणि हिरदाराम साहिब जी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर के किया गया। इस अवसर गुलाब ठाकुर एवं मनीष दरयानी ने स्वागत भाषण देते हुए मंत्री जी को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, भगवान दास सबनानी, श्रीमति कला मोहन जी, राजगढ़ जिला के पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, डीआरएम कमल तलरेजा, सिंधी साहित्य के निर्देशक राजकुमार वाधवानी ने 10वीं, 12वीं, कॉलेज की डिग्री और प्रदेश स्तर पर अनेक गतिविधियों में उपलब्धियां और मैडल पाने वाले लगभग 480 से अधिक प्रतिभावान बच्चों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मंत्री ने उपस्थित बच्चो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विधार्थी के लिए परिस्थितियां चाहे जैसी भी हो कड़ी मेहनत-लगन और लक्ष्य को पाने की जिद से सफलता हासिल की जा सकती है, छात्रों को मिलने वाला ये सम्मान और प्रमाण पत्र छात्रों को हर दिन अपने लक्ष्य को पाने के लिए प्रेरित करेगा।

साथ ही कार्यक्रम अध्यक्षता कर रहे विधायक भगवानदास सबनानी इस अवसर विधायक सबनानी ने सभागृह में उपस्थित बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सिंधु सभा, सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित यह प्रांतीय प्रतिभा सम्मान अपने आप में ही समाज को गोरांवित करने का अवसर प्रदान करता है। ऐसे आयोजनों से दुनिया में समाज की नई पहचान स्थापित होती हैं। सिंधी मेला समिति द्वारा आज इतनी बड़ी संख्या में समाज की प्रतिभाओं का एक साथ उपस्थित होना, इस बात का संकेत देता है, कि अब सिंधी समाज के लोग केवल व्यापार में ही नहीं अपितु शिक्षा, साहित्य, कला, खेल सहित अन्य क्षेत्रों में भी देश का नाम रोशन कर रहे है। मैं इस सफल आयोजन के लिए भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी मेला समिति के सदस्यों को बधाई शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप शैक्षणिक सलाहकार एवं मनोवैज्ञानिक श्रीमति कला मोहन जी एवं राजगढ़ जिला के पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने कार्यकम में उपस्थित बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए शिक्षा के माध्यम से उच्च पदीन पर आसीन होने का मंत्र मूल दिया।